# Fourteenth Loksabha

## Session : 6
## Date : 01-12-2005

## Participants : Tripathi Shri Chandramani

>

Title : Need to release outstanding instalment of funds to the States under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna and Swajal Dhara Yojna for early completion of ongoing projects.

**श्री चन्द्रमणि त्रिपाठी (रीवा)** : उपाध्यक्ष जी, केन्द्र सरकार द्वारा प्रवर्तित विभिन्न योजनाएं जिनमें केन्द्रीय सड़क निधि के अंतर्गत गांव में पेयजल योजना, जिसमें कि स्वजल धारा के अंतर्गत विभिन्न प्रदेशों की ग्राम पंचायतों द्वारा जिनमें मध्य प्रदेश भी है, अपने हिस्से की आंशिक राशि जमा करा दी गयी है, और इस योजना के अंतर्गत केन्द्र की ओर से एक-एक, दो-दो किश्ते मिलने के बाद आगे के लिए राशि का आवंटन रोक दिया गया है। राशि का आवंटन न होने से ये योजनाएं अपूर्ण तथा ग्राम पंचायतें भारी आर्थिक संकट में है। इसी प्रकार से प्रधान मंत्री सड़क योजना के अंतर्गत मिलने वाली राशि का आवंटन न होने के कारण भी कार्य अधूरा और कहीं-कहीं पर बहुत धीमी गति से चल रहा है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना तथा स्वजल धारा योजना के अंतर्गत आवंटित राशि की शो किश्ते शीघ्र से शीघ्र जारी करने का कट करें।